


GULAB JAYANTI 2019

GEET & GHAZAL PROGRAM

SATURDAY, FEB 23rd 2019

AT 4:00 PM

Shiva Vishnu Temple, Lower Hall,

7733 Ridge Road, Parma OH 44129

***Presented by:***

***Khandelwal Family***

*3477 Hunting Run Road*
*Medina OH 44256*

*Ph: 330-722-8886*

Please visit:

www.gulabkhandelwal.com

प्रस्तावना:

प्रिय सज्जनो,

हमारे आदरणीय पिताजी, स्वर्गीय महाकवि गुलाब खंडेलवाल से आप सभी भली भाँति परिचित रहे हैं। विभिन्न विधाओं में लिखी उनकी अनेकानेक रचनाएँ ५० से ज्यादा पुस्तकों के रूप में प्रकाशित  हैं ।

उनकी लगभग ४०० गज़लों में से कुछ को यहाँ आपके लिए संकलित किया गया है। इन ग़ज़लों के संकलन में विभा झालानी और अलका खंडेलवाल तथा सम्पादन में अशोक खंडेलवाल ने विशेष सहयोग दिया है।

इन ग़ज़लों की भाषा अत्यन्त सरल है। वास्तव में यह मानव हृदय के मर्म स्थल को छू देने वाली सुन्दर पंक्तियाँ हैं  जो गायी भी जा सकती है। आशा है आप सभी को यह ग़ज़लों का गुल्दस्ता पसंद आयेगा।

विनीत
आनंद खंडेलवाल
शोभा खंडेलवाल
Feb 23, 2019

3477 Hunting Run Road
Medina, Ohio 44256, USA

# Preface

Dear Friends,

You are well acquainted with our respected father and acclaimed poet, Mahakavi Gulab Khandelwal. His numerous compositions are available in the form of various books and publications.

Out of his over four hundred gazals, we have selected a few in this booklet. Vibha Jhalani and Alka Khandelwal have helped in this compilation. Ashok Khandelwal helped in the publication of this booklet.

These ghazals are melodious and presented in simple language. These beautiful couplets have the innate ability to reach out and touch a chord with one's inner feelings.

We hope you will enjoy and savor this bouquet of ghazals.

With regards
Anand and Shobha Khandelwal
3477 Hunting Run Road
Medina, OH 44258

February 23, 2019

**कवि के अपने ही शब्दों में–**

*‘मैंने अपनी गजलों की भाषा और भावों में, हिंदी और उर्दू, साहित्य और संगीत, सामान्य सहृदय और गंभीर अध्येता, लौकिक प्रेम और आध्यात्मिक भक्ति-भाव तथा जीवन के प्रति आसक्ति और मृत्यु की अनुभूति के बीच निष्कंप संतुलन रखने का प्रयास किया है |’*

## In Poet’s own words--

*"Through the medium of my ghazals (poetry), I have endeavored to express my feelings in Hindi and Urdu language, literature and music; based on simplistic expressions, as well as serious contemplation; worldly love, devotional and spiritual sentiments; while striving to maintain an unwavering equilibrium between the desire to celebrate and enjoy life and the awareness that death is inevitable."*

कुछ हम भी लिख गये हैं तुम्हारी किताब में
गंगा के जल को ढाल न देना शराब में

हमसे तो ज़िंदगी की कहानी न बन सकी
सादे ही रह गये सभी पन्ने किताब में

दुनिया ने था किया कभी छोटा सा एक सवाल
हमने तो ज़िंदगी ही लुटा दी जवाब में

लेते न मुँह जो फेर हमारी तरफ़ से आप
कुछ ख़ूबियाँ भी देखते ख़ानाख़राब में

कुछ बात है कि आपको आया है आज प्यार
देखा नहीं था ज्वार यों मोती के आब में

हमने ग़ज़ल का और भी गौरव बढ़ा दिया
रंगत नयी तरह की जो भर दी गुलाब में

स्रोत - सौ गुलाब खिले

kuch ham bhii likh gaye haiN tumhaarii kitaab meiN
gaNgaa ke jal ko Dhaal n denaa sharaab meiN

hamse to zindgii kii kahaanii n ban sakii
saade hii rah gaye sabhii panne kitaab meiN

duniyaa ne thaa kiyaa kabhii choTaa saa ek savaal
hamne to zindgii hii luTaa dii javaab meiN

lete n muNh jo pher hamaarii taraf se aap
kuch khuubiyaaN bhii dekhte khaanaakharaab meiN

kuch baat hai ki aapko aayaa hai aaj pyaar
dekhaa nahiiN thaa jvaar yoN motii ke aab meiN

hamne gazal kaa aur bhii gaurav baRhaa diyaa
raNgat nayii tarah kii jo bhar dii gulaab meiN

दुनिया को अपनी बात सुनाने चले हैं हम
पत्थर के दिल में प्यास जगाने चले हैं हम

हमको पता है ख़ूब, नहीं आँसुओं का मोल
पानी में फिर भी आग लगाने चले हैं हम

फिर याद आ रही है कोई चितवनों की छाँह
फिर दूध की लहर में नहाने चले हैं हम

मन के हैं द्वार-द्वार पर पहरे लगे हुए
उनको उन्हीं से छिपके चुराने चले हैं हम

यों तो कहाँ नसीब थे दर्शन भी आपके !
कहने को कुछ ग़ज़ल के बहाने चले हैं हम

कुछ और होंगी लाल पँखुरियाँ गुलाब की
काँटों से ज़िंदगी को सजाने चले हैं हम

स्रोत - सौ गुलाब खिले

duniyaa ko apnii baat sunaane chale haiN ham
patthar ke dil meiN pyaas jagaane chale haiN ham

hamko pataa hai khuub, nahiiN aaNsuoN kaa mol
paanii meiN phir bhii aag lagaane chale haiN ham

phir yaad aa rahii hai koi chitvanoN kii chhaaNh
phir duudh kii lahar meiN nahaane chale haiN ham

man ke haiN dvaar-dvaar par pahre lage hue
unko unhiiN se chhipke churaane chale haiN ham

yoN to kahaaN nasiib the darshan bhii aapke !
kahne ko kuchh gazal ke bahaane chale haiN ham

kuchh aur hoNgii laal paNkhuriyaaN gulaab kii
kaaNToN se zindgii ko sajaane chale haiN ham

Source - Sau Gulab Khile

कभी सर झुकाके चले गये, कभी मुँह फिराके चले गये
मेरा साथ कोई न दे सका, सभी आये, आके चले गये

मुझे डूबने से उबार लें, कभी यह तो उनसे न हो सका
मेरी भावना के कगार पर, वे लहर उठाके चले गये

नहीं एक ऐसे तुम्हीं यहाँ, जिसे प्यार मिल न सका कभी
कई लोग पहले भी आये थे, यही चोट खाके चले गये

जो गले में डोर-सी थी बँधी, उसे तोड़ तो न सका कोई
कई छटपटाके चले गये, कई मुस्कुराके चले गये

मेरी ज़िंदगी का निचोड़ था, कोई ऐसी-वैसी कथा न थी
वही ज़िंदगी जिसे प्यार से कभी तुम सजाके चले गये

जो ह्रदय को प्यार का दुख मिला, तो अधर को गीत की बाँसुरी
उसी बाँसुरी के सुरों पे हम, कोई धुन सजाके चले गये

वही पँखुरियाँ, वही बाँकपन, वही रंग-रूप की शोख़ियाँ
वो गुलाब और ही था मगर, जिसे तुम खिलाके चले गये

उसे अपने मन के ग़रूर से, न सुना किसीने तो क्या हुआ !
वो ग़ज़ल किसीसे भी कम न थी, जिसे हम सुनाके चले गये

स्रोत - सौ गुलाब खिले

kabhii sar jhukaake chale gaye, kabhii muNh phiraake chale gaye
meraa saath koi n de sakaa, sabhii aaye, aake chale gaye

mujhe Duubne se ubaar leiN, kabhii yah to unse n ho sakaa
merii bhaavnaa ke kagaar par, ve lahar uThaake chale gaye

nahiiN ek aise tumhiiN yahaaN, jise pyaar mil n sakaa kabhii
kaii log pahle bhii aaye the, yahii choT khaake chale gaye

jo gale meiN Dor-sii thii baNdhii, use toR to n sakaa koi
kaii chhaTpaTaake chale gaye, kaii muskuraake chale gaye

merii zindgii kaa nichoR thaa, koi aisii-vaisii kathaa n thii
vahii zindgii jise pyaar se kabhii tum sajaake chale gaye

jo hriday ko pyaar kaa dukh milaa, to adhar ko giit kii baaNsurii
usii baaNsurii ke suroN pe ham, koi dhun sajaake chale gaye

vahii paNkhuriyaaN, vahii baaNkpan, vahii raNg-ruup kii shokhiyaaN
vo gulaab aur hii thaa magar, jise tum khilaake chale gaye

use apne man ke garuur se, n sunaa kisiine to kyaa huaa !
vo gazal kisiise bhii kam n thii, jise ham sunaake chale gaye

Source - Sau Gulab Khile

प्राण में गुनगुना रहा है कोई
फिर मुझे याद आ रहा है कोई

गीत को पंख लग गये जैसे
प्रेरणा बन के छा रहा है कोई

ज्योति किसकी है दूर अंबर में !
क्षुद्र अणु में समा रहा है कोई

कोई है दृश्य, कोई द्रष्टा है
और परदा उठा रहा है कोई

हमने माना कि मौत है हर साँस
फिर भी हमको जिला रहा है कोई

देखता हूँ जिधर, उधर मैं हूँ
अब कहाँ दूसरा रहा है कोई !

देखिए खोलके आँखें तो ज़रा
सामने मुस्कुरा रहा है कोई

आज होंठों पे खिल रहे हैं गुलाब
मेरी ग़ज़लों को गा रहा है कोई

स्रोत - सौ गुलाब खिले

praaN meiN gungunaa rahaa hai koii
phir mujhe yaad aa rahaa hai koi

giit ko paNkh lag gaye jaise
prerNaa ban ke chhaa rahaa hai koii

jyoti kiskii hai duur ambar mein !
kshuudr aNu meiN samaa rahaa hai koii

koii hai drishy, koii draShTaa hai
aur pardaa uThaa rahaa hai koii

hamne maanaa ki maut hai har saaNs
phir bhii hamko jilaa rahaa hai koii

dekhtaa huuN jidhar, udhar maiN huuN
ab kahaaN duusraa rahaa hai koii

dekhiye kholke aaNkheiN to zaraa
saamne muskuraa rahaa hai koii

aaj hoThoN pe khil rahe haiN gulaab
merii gazaloN ko gaa rahaa hai koi

Source - Sau Gulab Khile

हमसे किसीका प्यार छिपाया न जायगा
इतना हसीन बोझ उठाया न जायगा

मेहँदी लगी हुई है उमंगों के पाँव में
सपने में भी तो आपसे आया न जायगा

लय-ताल टूट जाते हैं आते ही उनका नाम
जीवन का गीत हमसे तो गाया न जायगा

हँसने की बात और थी, रोने की बात और
पत्थर के दिल में फूल खिलाया न जायगा

यों तो किसीके मन से उतारे हुए हैं हम
आयेंगे याद फिर तो भुलाया न जायगा

लहरा रहे हैं आपकी आँखों में अब गुलाब
काँटों से ज़िंदगी को बचाया न जायगा

स्रोत - सौ गुलाब खिले

hamse kisiikaa pyaar chhipaayaa n jaaygaa
itnaa hasiin bojh uThaayaa n jaaygaa

mehndi lagii huii hai umaNgoN ke paaNv meiN
sapne meiN bhii to aapse aayaa n jaaygaa

lay-taal TuuT jaate haiN aate hii unkaa naam
jiivan kaa giit hamse to gaayaa n jaaygaa

haNsne kii baat aur thii, rone kii baat aur
patthar ke dil meiN phuul khilaayaa n jaaygaa

yoN to kisiike man se utaare hue haiN ham
aayeiNge yaad phir to bhulaayaa n jaaygaa

lahraa rahe haiN aapkii aaNkhoN meiN ab gulaab
kaaNToN se zindgii ko bachaayaa n jaaygaa

Source - Sau Gulab Khile

जहाँ भी दिल ने पुकारा, वहीं जाना होगा
उन्हें भुलाना तो ख़ुद को ही भुलाना होगा

चले तो बाग़ से जाते हो मगर याद रहे
जुही में फूल जो आयेंगे तो आना होगा

तुम्हीं जो रूठ गये, गायें भी तो क्या गायें !
हमारा गीत भी रोने का बहाना होगा

हमारा जान से जाना भी उनको खेल हुआ
मचल रहे हैं, इसे फिर से दिखाना होगा

हमें तो प्यार में मिलने से रहा चैन कभी
नहीं जो तुम हुए दुश्मन तो ज़माना होगा

यहाँ गुलाब की रंगत का मोल कुछ भी नहीं
कलेजा चीरके काँटे पे दिखाना होगा

स्रोत - सौ गुलाब खिले

jahaaN bhii dil ne pukaaraa, vahiiN jaanaa hogaa
unheiN bhulaanaa to khud ko hii bhulaanaa hogaa

chale to baag se jaate ho magar yaad rahe
juhii meiN phuul jo aayeiNge to aanaa hogaa

tumhiiN jo ruuTh gaye, gaayeiN bhii to kyaa gaayeiN !
hamaaraa giit bhii rone kaa bahaanaa hogaa

hamaaraa jaan se jaanaa bhii unko khel huaa
machal rahe haiN, ise phir se dikhaanaa hogaa

hameiN to pyaar meiN milne se rahaa chain kabhii
nahiiN jo tum hue dushman to zamaanaa hogaa

yahaaN gulaab kii raNgat kaa mol kuchh bhii nahiiN
kalejaa chiirke kaaNTe pe dikhaanaa hogaa

Source - Sau Gulab Khile

हुआ है प्यार भी ऐसे ही कभी साँझ ढले
कि जैसे चाँद निकल आये और पता न चले

कसो तो ऐसे कि जीवन के तार टूट न जायँ
पड़े जो चोट कहीं पर तो रागिनी ही ढले

मिले न हमको भले उनके प्यार की ख़ुशबू
नज़र से मिल ही लिया करते हैं गले से गले

हज़ार पाँव लड़खड़ाये ज़िंदगी के, मगर
चलते ही आये हैं उन चितवनों की छाँह तले

गुलाब बाग़ में करते रहे हैं सबसे निबाह
चुभे जो पाँव में काँटें तो वे भी साथ चले

स्रोत - सौ गुलाब खिले

Huaa hai pyaar bhii aise hii kabhii saaNjh Dhale
Ki jaise chaaNd nikal aaye aur pataa n chale

Kaso to aise ki jiivan ke taar TuuT n jaayeiN
paRe jo choT kahiiN par to raaginii hii Dhale

mile n hamko bhale unke pyaar kii khushbuu
nazar se mil hii liyaa karte haiN gale se gale

hazaar paaNv laRkhaRaaye zindgii ke, magar
chalte hii aaye haiN un chitvanoN kii chhaaNh tale

gulaab bag meiN karte rahe haiN sabse nibaah
chubhe jo paaNv meiN kaaNteN to ve bhi saath chale

Source - Sau Gulab Khile

दिल की तड़पन देखिए, दुनिया की ठोकर देखिए
दो घड़ी तो रहके इन आँखों के अन्दर देखिए

हैं बिछी पलकें हमारी हर अदा पर आपकी
आप भी इस ओर थोड़ा मुस्कुराकर देखिए

एक-से हैं अब हमें, बरसा करें पत्थर कि फूल
ज़िंदगी यह हमको लायी है कहाँ पर, देखिए

हमको सूरज-सा कभी देखा था उठते आपने
अब हमारे डूब जाने का भी मंज़र देखिए

फिर न लौटेंगे कभी इस बाग़ से जाकर गुलाब
देखना है उनको जितना आज जी भर देखिए

स्रोत - सौ गुलाब खिले

dil kii taRpan dekhiye, duniyaa kii Thokar dekhiye
do ghaRii to rahke in aaNkhoN ke andar dekhiye

haiN bichhii palkeiN hamaarii har adaa par aapkii
aap bhii is or thoRaa muskuraakar dekhiye

ek-se haiN ab hameiN, barsaa kareiN patthar ki phuul
zindgii yah hamko laayii hai kahaaN par, dekhiye

hamko suuraj-saa kabhii dekhaa thaa uThte aapne
ab hamaare Duub jaane kaa bhii manjar dekhiye

phir n lauTeiNge kabhii is baag se jaakar gulaab
dekhnaa hai unko jitnaa aaj jii bhar dekhiye

Source - Sau Gulab Khile

आप क्यों जान को यह रोग लगा लेते हैं !
वे तो बस वैसे ही फूलों की हवा लेते हैं

हमको भूली है नहीं याद घड़ी भर उनकी
देखें, अब कब वे हमें पास बुला लेते हैं

एक-से-एक है तस्वीर इन आँखों में बसी
जब जिसे चाहते, सीने से लगा लेते हैं

है न दुनिया में कहीं कोई पराया हमको
जो भी मिलता है उसे अपना बना लेते हैं

एक दिन बाग़ से ख़ुद ही चले जायेंगे गुलाब
आज खिलते हैं अगर, आपका क्या लेते हैं !

स्रोत - सौ गुलाब खिले

aap kyoN jaan ko yah rog lagaa lete haiN !

ve to bas vaise hii phuuloN kii havaa lete haiN

hamko bhuulii hai nahiiN yaad ghaRii bhar unkii

dekheiN, ab kab ve hameiN paas bulaa lete haiN

ek-se-ek hai tasviir in aaNkhoN meiN basii

jab jise chaahte, siine se lagaa lete haiN

hai n duniyaa meiN kahiiN koii paraayaa hamko

jo bhii miltaa hai use apnaa banaa lete haiN

ek din baag se khud hii chale jaayeiNge gulaab

aaj khilte haiN agar, aapkaa kyaa lete haiN !

Source - Sau Gulab Khile

मिलने की हर ख़ुशी में बिछुड़ने का ग़म हुआ
एहसान उनका ख़ूब हुआ फिर भी कम हुआ

कुछ तो नज़र का उनकी भी इसमें क़सूर था
देखा जिसे भी, प्यार का उसको वहम हुआ

नज़रें मिलीं तो मिलके झुकीं, झुकके मुड़ गयीं
यह बेबसी कि आँख का कोना न नम हुआ

ज्यों ही लगी थी फैलने घर में दिये की जोत
त्यों ही हवा का रुख़ भी बहत बेरहम हुआ

कुछ तो चढ़ा था पहले से हम पर नशा, मगर
कुछ आपका भी सामने आना सितम हुआ

आती नहीं है प्यार की ख़ुशबू कहीं से आज
लगता है अब गुलाब का खिलना ही कम हुआ

स्रोत - सौ गुलाब खिले

milne kii har khushii meiN bichhuRne kaa gam huaa
ehsaan unkaa khuub huaa phir bhii kam huaa

kuchh to nazar kaa unkii bhii ismeiN qasuur thaa
dekhaa jise bhii, pyaar kaa usko vaham huaa

nazreiN miliiN to milke jhukiiN, jhukke muR gayiiN
yah bebasii ki aaNkh kaa konaa n nam huaa

jyoN hii lagii thii phailne ghar meiN diye kii jot
tyoN hii havaa kaa rukh bhii bahut beraham huaa

kuchh to chaRhaa thaa pahle se ham par nashaa, magar
kuchh aapkaa bhii saamne aanaa sitam huaa

aatii nahiiN hai pyaar kii khushbuu kahiiN se aaj
lagtaa hai ab gulaab kaa khilnaa hii kam huaa

Source - Sau Gulab Khile

आज तो शीशे को पत्थर पे बिखर जाने दे
दिल को रो लेंगें, ये दुनिया तो सँवर जाने दे

ज़िंदगी कैसे कटी तेरे बिना, कुछ मत पूछ
कहने को यों तो बहुत कुछ है, मगर जाने दे

तेरे छूते ही तड़प उठता है साँसों का सितार
अपनी धड़कन मेरे दिल में भी उतर जाने दे

जी तो भरता नहीं इन आँखों की ख़ुशबू से, मगर
ज़िंदगी का बड़ा लंबा है सफ़र, जाने दे

सुबह आयेगा कोई पोंछने आँसू भी, गुलाब !
रात जिस हाल में जाती है, गुज़र जाने दे

स्रोत - सौ गुलाब खिले

aaj to shiishe ko patthar pe bikhar jaane de
dil ko ro leiNge, ye duniyaa to saNvar jaane de

zindgii kaise kaTii tere binaa, kuchh mat puuchh
kahne ko yoN to bahut kuchh hai, magar jaane de

tere chhuute hii taRap uThtaa hai saaNsoN kaa sitar
apnii dhaRkan mere dil meiN bhii utar jaane de

jii to bhartaa nahiiN in aaNkhoN kii khushbuu se, magar
zindgii kaa baRaa lambaa hai safar, jaane de

subah aayegaa koii poNchhne aaNsuu bhii, gulaab !
raat jis haal meiN jaatii hai, guzar jaane d

Source - Sau Gulab Khile

गुलाब जयंती २०१९

गंध बनकर हवा में बिखर जायँ हम,
ओस बनकर पँखुरियों से झर जायँ हम
तू न देखे हमें बाग़ में भी तो क्या !
तेरा आँगन तो ख़ुशबू से भर जायँ हम

हमने छेड़ा जहाँ से तेरे साज़ को,
कोई वैसे न अब इसको छू पायेगा
तेरे होंठों पे लहरा चुके रात भर,
सोच क्या अब जियें चाहे मर जायँ हम !

घुप अँधेरा है, सुनसान राहें हैं ये,
कोई आहट कहीं से भी आती नहीं
खाये ठोकर न हम-सा कोई फिर यहाँ,
एक दीपक जला कर तो धर जायँ हम

तेरे हर बोल पर हम तो मरते रहे,
तुझको भायी न कोई तड़प प्यार की
हमसे मोड़े ही मुँह तू रही, ज़िंदगी !
छोड़ भी जान अब अपने घर जायँ हम

रात काँटों पे करवट बदलते कटी,
हमको दुनिया ने पलभर न खिलने दिया
आयेंगे कल नये रंग में फिर गुलाब,
आज चरणों में उनके बिखर जायँ हम

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

gandh bankar havaa meiN bikhar jaayN ham,
os bankar paNkhuriyoN se jhar jaayN ham
tuu n dekhe hameiN baag meiN bhii to kyaa !
teraa aaNgan to khushbuu se bhar jaayN ham

hamne chheRaa jahaaN se tere saaz ko,
koii vaise n ab isko chhuu paayegaa
tere hoThoN pe lahraa chuke raat bhar,
soch kyaa ab jiyeN chaahe mar jaayN ham !

ghup andheraa hai, sunsaan raaheN haiN ye,
koii aahaT kahiiN se bhii aatii nahiiN
khaaye Thokar n ham-saa koii phir yahaaN,
ek diipak jalaa kar to dhar jaayN ham !

tere har bol par ham to marte rahe,
tujhko bhaayii n koii taRap pyaar kii
hamse moRe hii muNh tuu rahii, zindgii !
chhoR bhii jaan ab apne ghar jaayN ham

raat kaaNToN pe karvaT badalte kaTii,
hamko duniyaa ne palbhar n khilne diyaa
aayeNge kal naye raNg meiN phir gulaab,
aaj charNoN meiN unke bikhar jaayN ham

Source - Pankhurian Gulab Ki

गुलाब जयंती २०१९

दिल में रहते थे कभी आपके हम, भूल गये !
उम्र भर की थी निभाने की क़सम, भूल गये !

बड़े भोले हैं, बड़े दूध के धोये हैं आज
पीके जब प्यार में बहके थे क़दम, भूल गये !

वे भी दिन थे कि हमीं आये हरेक बात में याद
आज हर बात में कहते हैं कि हम भूल गये

हमसे काँटे भी निकलवाये थे तलवों के कभी
आके मंज़िल पे सभी राह के ग़म भूल गये !

अब तो कहते हैं कि भाते ही नहीं हमको गुलाब
आपके दिल को कभी था ये वहम, भूल गये !

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

dil meiN rahte the kabhii aapke ham, bhuul gaye !
umra bhar kii thii nibhaane kii qasam, bhuul gaye !

baRe bhole haiN, baRe duudh ke dhoye haiN aaj
piike jab pyaar meiN bahke the qadam, bhuul gaye !

ve bhii din the ki hamiiN aaye harek baat meiN yaad
aaj har baat meiN kahte haiN ki ham bhuul gaye !

hamse kaaNTe bhii nikalvaaye the talvoN ke kabhii
aake manjil pe sabhii raah ke gam bhuul gaye !

ab to kahte haiN ki bhaate hii nahiiN hamko gulaab
aapke dil ko kabhii thaa ye vaham, bhuul gaye !

Source - Pankhurian Gulab Ki

तलब ग़म की ख़ुशी से बढ़ गयी है
ये चाहत ज़िंदगी से बढ़ गयी है

कोई आयेगा शायद आज की रात
तड़प कुछ शाम ही से बढ़ गयी है

ये क्या कम है, तेरी चर्चा शहर में
मेरी दीवानगी से बढ़ गयी है !

तेरे जाने से क्या बीतेगी मुझ पर
जो बेचैनी अभी से बढ़ गयी है !

गुलाब ! ऐसे भी क्या कम थी ये दुनिया !
मगर रौनक तुम्हींसे बढ़ गयी है

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

talab gam kii khushii se baRh gayii hai

ye chaahat zindgii se baRh gayii hai

koii aayegaa shaayad aaj kii raat

taRap kuchh sham hii se baRh gayii hai

ye kyaa kam hai, terii charchaa shahar meiN

merii diivaangii se baRh gayii hai

tere jaane se kyaa biitegii mujh par

jo bechainii abhii se baRh gayii hai !

gulaab ! aise bhii kyaa kam thii ye duniyaa !

magar raunak tumhiiN se baRh gayii hai

Source - Pankhurian Gulab Ki

हुआ प्यार का यह असर मिलते-मिलते
कि झुकने लगी है नज़र मिलते-मिलते

हटा रुख़ से परदा न बेगानेपन का
कोई रह गया उम्र भर मिलते-मिलते

न था दिल का कोई ख़रीदार तो क्या !
चले सबसे हम राह पर मिलते-मिलते

नहीं खेल है उनकी आँखों को पढ़ना
कि मिलती है दिल की ख़बर मिलते-मिलते

गुलाब ! आप कितनी भी ख़ुशबू छिपायें
नज़र कह गयी कुछ मगर मिलते-मिलते

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

huaa pyaar kaa yah asar milte-milte

ki jhukne lagii hai nazar milte-milte

haTaa rukh se pardaa n begaanepan kaa

koii rah gayaa umr bhar milte-milte

n thaa dil kaa koii khariidaar to kyaa !

chale sabse ham raah par milte-milte

nahiiN khel hai unkii aaNkhoN ko paRhnaa

ki miltii hai dil kii khabar milte-milte

gulaab ! aap kitnii bhii khushbuu chhipaayeN

nazar kah gayii kuchh magar milte-milte

Source - Pankhurian Gulab Ki

नहीं इस दर्द का उनको पता हो, हो नहीं सकता
कोई दिल की लगी से अनछुआ हो, हो नहीं सकता

भले ही दो घड़ी के वास्ते प्याला मिला हमको
किसीने भूल से पर दे दिया हो, हो नहीं सकता

असर कुछ प्यार में है तो लिपट जायेगा सीने से
मिटें हम और कोई देखता हो, हो नहीं सकता

भले ही हम न हों जब प्यार की शहनाइयाँ गूँजें
तुम्हारे दिल में कोई दूसरा हो, हो नहीं सकता

गुलाब ! ऐसे तो वे तेरी पँखुरियाँ नोचते कब थे !
नहीं कुछ प्यार भी इसमें छिपा हो, हो नहीं सकता

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

nahiiN is dard kaa unko pataa ho, ho nahiiN saktaa

koii dil kii lagii se anchhuaa ho, ho nahiiN saktaa

bhale hii do ghaRii ke vaaste pyaalaa milaa hamko

kisiine bhuul se par de diyaa ho, ho nahiiN saktaa

asar kuchh pyaar meiN hai to lipaT jaayegaa siine se

miTeN ham aur koii dekhtaa ho, ho nahiiN saktaa

bhale hii ham n hoN jab pyaar kii shahnaaiyaaN guuNjeN

tumhaare dil meiN koii duusraa ho, ho nahiiN saktaa

gulaab ! aise to ve terii pNkhuriyaaN nochte kab the !

nahiiN kuchh pyaar bhii ismeiN chhipaa ho, ho nahiiN saktaa

Source - Pankhurian Gulab Ki

खुलके आओ तो कोई बात बने
रुख़ मिलाओ तो कोई बात बने

हमने माना कि प्यार है हमसे
मुँह पे लाओ तो कोई बात बने

बात क्या राह में बनेगी भला !
घर पे आओ तो कोई बात बने

रात गीतों की और ऐसे तार !
सुर मिलाओ तो कोई बात बने

यों तो बातें बना रहे हैं गुलाब
तुम बनाओ तो कोई बात बने

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

khulke aao to koii baat bane

rukh milaao to koii baat bane

hamne maanaa ki pyaar hai hamse

muNh pe laao to koii baat bane

baat kyaa raah meiN banegii bhalaa !

ghar pe aao to koii baat bane

raat giitoN kii aur aise taar !

sur milaao to koii baat bane

yoN to baateN banaa rahe haiN gulaab

tum banaao to koii baat bane

Source - Pankhurian Gulab Ki

ज़िंदगी फिर कोई पाते तो और क्या करते !
आपसे दिल न लगाते तो और क्या करते !

आपके प्यार की पहचान माँगते थे लोग
सर हम अपना न कटाते तो और क्या करते !

दिल जो टूटा तो हरेक शहर में ख़ुशबू फैली
फूल भी हम जो खिलाते तो और क्या करते !

उनकी नज़रों से छिपाकर उन्हींसे मिलना था
हम ग़ज़ल बनके न आते तो और क्या करते !

पंखड़ी दिल की कोई चूमने आया था, गुलाब !
आप नज़रें न झुकाते तो और क्या करते !

स्रोत - पँखुरियाँ गुलाब की

zindgii phir koii paate to aur kyaa karte !

aapse dil n lagaate to aur kyaa karte !

aapke pyaar kii pahchaan maaNgte the log

sar ham apnaa n kaaTte to aur kyaa karte !

dil jo TuuTaa to harek shahar meiN khushbuu phailii

phuul bhii ham jo khilaate to aur kyaa karte !

unkii nazaroN se chhipaakar unhiiNse milnaa thaa

ham gazal banke n aate to aur kyaa karte !

paNkhaRii dil kii koii chuumne aayaa thaa, gulaab !

aap nazreN n jhukaate to aur kyaa karte !

Source - Pankhurian Gulab Ki

कभी बेसुधी में रुके नहीं,
कभी भीड़ देखके डर गये
तेरा प्यार दिल में लिये भी हम,
तेरे सामने से गुज़र गये

तू भले ही रात न था कहीं,
वो वहम भी था तो बुरा नहीं
कि कभी हमारे क़रीब ही,
तेरे पाँव आके ठहर गये

कभी, हमसफ़र ! यहाँ हम न हों,
तेरी चितवनें भी ये नम न हों
ये अदायें प्यार की कम न हों,
कभी हम भी जिनमें सँवर गये

हमें दोस्तों ने भुला दिया,
हमें वक़्त ने भी दग़ा दिया
उन्हें ज़िंदगी ने मिटा दिया
जो निशान दिल में उभर गये

वे भले ही हँसके भी मिल रहे,
न भरे वे प्यार के दिल रहे
जो कभी थे होंठ पे खिल रहे,
वे गुलाब आज किधर गये !

स्रोत - कुछ और गुलाब

kabhii besudhii meiN ruke nahiiN,
kabhii bhiiR dekhke Dar gaye
teraa pyaar dil meiN liye bhii ham,
tere saamne se guzar gaye

tuu bhale hii raat n thaa kahiiN,
vo vaham bhii thaa to buraa nahiiN
ki kabhii hamaare qariib hii,
tere paaNv aake Thahar gaye

kabhii, hamsafar ! yahaaN ham n hoN,
terii chitvaneN bhii ye nam n hoN
ye adaayeN pyaar kii kam n hoN,
kabhii ham bhii jinmeiN saNvar gaye

hameiN dostoN ne bhulaa diyaa,
hameiN vakt ne bhii dagaa diyaa
unheiN zindgii ne miTaa diyaa
jo nishaan dil meiN ubhar gaye

ve bhale hii haNske bhii mil rahe,
n bhare ve pyaar ke dil rahe
jo kabhii the hoNTh pe khil rahe,
ve gulaab aaj kidhar gaye !

Source - Kuchh Aur Gulab

# गुलाब जयंती २०१९

ऐ ग़म ! न छोड़ना हमें इस ज़िंदगी के साथ
पकड़ा है तेरा हाथ बड़ी बेबसी के साथ

लाकर हमारे होंठ तक प्याला पटक दिया
की दोस्ती भी उसने मगर दुश्मनी के साथ

यों तो ख़ुशी के दौर भी आये तेरे बग़ैर
आँसू् निकल ही आये मगर हर ख़ुशी के साथ

हमने तो खेल-खेल में ख़ुद को लुटा दिया
अच्छा नहीं था खेलना ऐसे किसीके साथ

लायेगी रंग एक दिन चुप्पी गुलाब की
कुछ कह गये हैं वह भी बड़ी सादगी के साथ

स्रोत - कुछ और गुलाब

ai gam ! n chhoRnaa hameiN is zindgii ke saath
pakRaa hai teraa haath baRii bebasii ke saath

laakar hamaare hoNTh tak pyaalaa paTak diyaa
kii dostii bhii usne magar dushmanii ke saath

yoN to khushii ke daur bhii aaye tere bagair
aaNsuu nikal hii aaye magar har khushii ke saath

hamne to khel-khel meiN khud ko luTaa diyaa
acchhaa nahiiN thaa khelnaa aise kisiike saath

laayegii raNg ek din chuppii gulaab kii
kuchh kah gaye haiN vah bhii baRii saadgii ke saath

Source - Kuchh Aur Gulab

चाह अब भी हो उसे मेरी, ज़रूरी तो नहीं
उम्र भर याद हो बचपन की, ज़रूरी तो नहीं

प्यार करने का उसे हक़ तो सभी का है, मगर
प्यार बदले में करे वह भी, ज़रूरी तो नहीं

हर अदा उसकी क़यामत बनी है मेरे लिये
जानता भी हो इसे कोई, ज़रूरी तो नहीं

वक़्त मिलता नहीं मिलने का तुम्हें, सच है, मगर
बस यही एक हो मज़बूरी, ज़रूरी तो नहीं

कहा गुलाब से मिलने को तो हँसकर बोले--
'आख़िरी रात हो यह उसकी, ज़रूरी तो नहीं'

स्रोत - कुछ और गुलाब

chaah ab bhii ho use merii, zaruurii to nahiiN

umra bhar yaad ho bachpan kii, zaruurii to nahiiN

pyaar karne kaa use haq to sabhii kaa hai, magar

pyaar badle meiN kare vah bhii, zaruurii to nahiiN

har adaa uskii qayaamat banii hai mere liye

jaantaa bhii ho ise koii, zaruurii to nahiiN

vakt miltaa nahiiN milne kaa tumheiN, sach hai, magar

bas yahii ek ho mazbuurii, zaruurii to nahiiN

kahaa gulaab se milne ko to haNskar bole-

'aakhirii raat ho yah uskii, zaruurii to nahiiN'

Source - Kuchh Aur Gulab

अब न जाने की करो बात, क़रीब आ जाओ
ख़त्म होगी न ये बरसात, क़रीब आ जाओ

सो न जाये कोई, चुप, करवटें बदलता हुआ
आख़िरी प्यार की है रात, क़रीब आ जाओ

पास रहकर भी रहें दूर उम्र भर के लिये !
यह भी अच्छी है मुलाक़ात ! क़रीब आ जाओ

दो दिलों बीच ज़रूरत ही किसीकी क्या है !
तुमसे कहनी है कोई बात, क़रीब आ जाओ

फिर न लौटेंगे कभी बाग़ की डालों पे गुलाब
फिर न पाओगे ये सौग़ात, क़रीब आ जाओ

स्रोत - कुछ और गुलाब

ab n jaane kii karo baat, qariib aa jaao

khatm hogii n ye barsaat, qariib aa jaao

so n jaaye koii, chup, karvaTen badaltaa huaa

aakhirii pyaar kii hai raat, qariib aa jaao

paas rahkar bhii raheN duur umra bhar ke liye !

yah bhii acchhii hai mulaaqaat ! qariib aa jaao

do diloN biich zaruurat hii kisiikii kyaa hai !

tumse kahnii hai koii baat, qariib aa jaao

phir n lauTeNge kabhii baag kii DaaloN pe gulaab

phir n paaoge ye saugaat, qariib aa jaao

Source - Kuchh Aur Gulab

मुझे देखते रहे जो बड़ी बेरुख़ी से पहले
मेरे नाम पर हैं रोते, वही अब सभी से पहले

मैं नहीं था फिर भी मुझको तेरा दिल पुकारता था
मेरा प्यार जी रहा था, मेरी ज़िंदगी से पहले

यही मुश्किलें हैं देती एहसास ज़िंदगी का
मुझे ग़म भी थोड़ा दे दे, मेरी हर ख़ुशी से पहले

कई बार यों तो आयीं तेरे बाग़ में बहारें
ये गुलाब पर कहाँ थे मेरी शायरी से पहले !

स्रोत - हर सुबह एक ताज़ा गुलाब

mujhe dekhte rahe jo baRii berukhii se pahle

mere naam par haiN rote, vahii ab sabhii se pahle

main nahiiN thaa phir bhii mujhko teraa dil pukaartaa thaa

meraa pyaar jii rahaa thaa, merii zindgii se pahle

yahii mushkileN haiN detii ehsaas zindgii kaa

mujhe gam bhii thoRaa de de, merii har khushii se pahle

kaii baar yoN to aayiiN tere baag meiN bahaareN

ye gulaab par kahaaN the merii shaayrii se pahle !

Source -Har Subah Ek Taza Gulab

# गुलाब जयंती २०१९

जीने का कोई हासिल न मिला आख़िर यह उम्र तमाम हुई

फिर दिन निकला, फिर रात ढली, फिर सुबह हुई, फिर शाम हुई

फूलों से लदा था बाग़ जहाँ हम-तुम कल झूमते आये थे

अब राम ही जाने, कब इसकी पत्ती-पत्ती नीलाम हुई !

था फ़ासिला चार ही अंगुल का, हाथों से किसीके आँचल का

वे सामने पर आये न कभी, सजने ही में रात तमाम हुई

कल भूल से हमने डाल में से एक फूल गुलाब का तोड़ लिया

सुनते हैं, इसी एक बात पे कल, वह डाल बहुत बदनाम हुई

स्रोत - हर सुबह एक ताज़ा गुलाब

Jiine kaa koii haasil n milaa aakhir yah umra tamaam huii

Phir din niklaa, phir raat Dhalii, phir subah huii, phir sham huii

phuuloN se ladaa thaa baag jahaaN ham-tum kal jhuumte aaye the

ab raam hii jaane, kab iskii pattii-pattii niilaam huii !

thaa faasilaa chaar hii aNgul kaa, haathoN se kisiike aaNchal kaa

ve saamne par aaye n kabhii, sajne hii meiN raat tamaam huii

kal bhuul se hamne Daal meiN se ek phuul gulaab kaa toR liyaa

sunte haiN, isii ek baat pe kal, vah Daal bahut badnaam huii

हम उनके प्यार में जगते रहे हैं सारी रात
ख़ुद अपने आप को ठगते रहे हैं सारी रात

ये क्या हुआ कि सुबह उनकी एक झलक न मिली
गले से आके जो लगते रहे हैं सारी रात !

धधकके बुझ भी गये हों, हम उनसे अच्छे हैं
जो अनबुझे ही सुलगते रहे हैं सारी रात

हज़ारों बार जिगर में समा चुके हैं, मगर
वे अजनबी-से ही लगते रहे हैं सारी रात

कभी तो पायेंगे काग़ज़ गुलाब की रंगत
हम अपने ख़ून से रँगते रहे हैं सारी रात

स्रोत - हर सुबह एक ताज़ा गुलाब

ham unke pyaar meiN jagte rahe haiN saarii raat

khud apne aap ko Thagte rahe haiN saarii raat

ye kyaa huaa ki subah unkii ek jhalak n milii

gale se aake jo lagte rahe haiN saarii raat !

dhadhakke bujh bhii gaye hoN, ham unse acchhe haiN

jo anbujhe hii sulagte rahe haiN saarii raat

hazaaroN baar jigar meiN samaa chuke haiN, magar

ve ajnabii-se hii lagte rahe haiN saarii raat

kabhii to paayeNge kaagaz gulaab kii raNgat

ham apne khuun se raNgte rahe haiN saarii raat

Source-Har Subah Ek Taza Gulab

आ, कि अब भोर की यह आख़िरी महफ़िल बैठे
पहले तू बैठ, तेरे बाद मेरा दिल बैठे

तेरी दुनिया थी अलग, तेरे निशाने थे कुछ और
क्या हुआ, हम जो घड़ी भर को कभी मिल बैठे !

मैं सुनाता तो हूँ, ऐ दिल ! उन्हें यह प्यार की तान
पर सुरों का वही अंदाज़, है मुश्किल, बैठे

दो घड़ी चैन से बैठे नहीं हम यों तो कभी
देखिए, क्या भला इस दौड़ का हासिल बैठे

रंग खुलता है तभी तेरी पँखुरियों का, गुलाब !
जब कोई लेके इन्हें, उनके मुक़ाबिल बैठे

स्रोत - हर सुबह एक ताज़ा गुलाब

aa, ki ab bhor kii yah aakhirii mahfil baiThe

pahle tuu baiTh, tere baad meraa dil baiThe

terii duniyaa thii alag, tere nishaane the kuchh aur

kyaa huaa, ham jo ghaRii bhar ko kabhii mil baiThe !

main sunaataa to huuN, ai dil ! unheN yah pyaar kii taan

par suroN kaa vahii andaaz, hai mushkil, baiThe

do ghaRii chain se baiThe nahiiN ham yoN to kabhii

dekhiye, kyaa bhalaa is dauR kaaa haasil baiThe

raNg khultaa hai tabhii teri paNkhuriyoN kaa, gulaab !

jab koii leke inheN, unke muqaabil baiThe

Source -Har Subah Ek Taza Gulab

तू यहाँ मिले कि वहाँ मिले,
तुझे हाँ कहूँ कि मैं ना कहूँ !
उसी रंग़ में हो जहाँ मिले,
ये बता कि मैं तुझे क्या कहूँ

कहीं कुछ नहीं तू अगर नहीं,
तुझे देखे बस वो नज़र नहीं
तू छिपा है होके भी हर कहीं,
तेरे घर का कैसे पता कहूँ !

तू अँधेरा है, तू ही रोशनी,
तू ही मौत है, तू ही ज़िंदगी
मेरे 'मैं' में तू, तेरे 'तू' में मैं,
तुझे ख़ुद से कैसे जुदा कहूँ !

तू क़दम-क़दम मेरे साथ है,
मेरे हाथ में तेरा हाथ है
मेरी लौ तो आबेहयात है,
ये दिया जला कि बुझा कहूँ

कभी दी जो तुलसी-कबीर को,
वही आब दे तू गुलाब को
कि नज़ीर हो जो ग़ज़ल कहूँ,
कि क़बूल हो जो दुआ कहूँ

स्रोत - अन्य ग़ज़लें

tuu yahaaN mile ki vahaaN mile,
tujhe haaN kahuuN ki maiN naa kahuuN!
usii raNg meiN ho jahaaN mile,
ye bataa ki maiN tujhe kyaa kahuuN

kahiiN kuchh haniiN tuu agar nahiiN,
tujhe dekhe bas vo nazar nahiiN
tuu chhipaa hai hoke bhii har kahiiN,
tere ghar kaa kaise pataa kahuuN !

tuu andheraa hai, tuu hii roshnii,
tuu hii maut hai, tuu hii zindgii
mere ‘maiN’ meiN tuu, tere ‘tuu’ meiN main,
tujhe khud se kaise judaa kahuuN !

tuu qadam-qadam mere saath hai,
mere haath meiN teraa haath hai
merii lau to aabehayaat hai,
ye diyaa jalaa ki bujhaa kahuuN

kabhii dii jo tulsii-kabiir ko,
vahii aab de tuu gulaab ko
ki naziir ho jo gazal kahuuN,
ki qabuul ho jo duaa kahuuN

Source -Anya Gazalen

## गुलाबजी की गजलों पर कुछ सम्मतियाँ

आपकी गुलाबबाड़ी की बहुत सैर करता हूँ..... आपने हिंदी में ग़ज़लों का बहुत ही सफल प्रयोग किया है और वह भी उर्दू से अलग रहकर। बहुत से शेर गजलों से हटकर मुहावरे बन गए हैं।

--- रायकृष्णदास

aapkii gulaabbaaRii kii bahut sair kartaa huuN... aapne hindii meiN gazaloN kaa bahut hii saphal prayog kiyaa hai aur vah bhii urduu se alag rahkar. bahut se sher gazloN se haTkar muhaavre ban gaye haiN.

--Raykrishndas

पहली बार गुलाबजी ने हिंदी को वे ग़ज़लें प्रदान की हैं जो हिंदी की अपनी हैं एवं उसकी अपनी भावभूमि पर खड़ी हैं... गुलाबजी ने उर्दू गजलों के मोहक रूप को सांगोपांग हिंदी में उतारकर हिंदी साहित्य की बहुत बड़ी सेवा की है।

--- श्री गंगाशरण सिंह

pahlii baar gulaabjii ne hindii ko ve gazleiN pradaan kii haiN jo hindii kii apnii haiN evam uskii apnii bhaavbhuumi par khaRii haiN.... Gulaabjii ne urduu gazloN ke mohak ruup ko saaNgopaaNg hindii meiN utaarkar hindii saahity kii bahut baRii sevaa kii hai.

--Shri Gangasharan Singh

गुलाबजी हिंदी ग़ज़ल की इस विधा के अनुरूप वाणी, स्वर-सौरभ और एक स्तर के मूल्योत्कर्ष से विभूषित करने वाले अग्रणी पुरुष हैं।

--जगदीश पांडेय

gulaabjii hindii gazal kii is vidhaa ke anuruup vaaNii, svar-saurabh aur ek sTaar ke muulyotkarSh se vibhuuShit karne vale agraNii puruSh haiN.

--Jagdish Pandey

इसकी प्रत्येक पंक्ति पठनीय ही नहीं स्मरणीय भी हैं ।

-- शंकरदयाल सिंह

Iskii pratyek paNkti paThniiy hii nahiiN smarNiiy bhii haiN.

Shankardayaal Sinh

ये ग़ज़लें बहुआयामी हैं।इनमें कवि की आत्माभिव्यक्ति ही नहीं, आत्मसमर्पण भी है। लौकिक और आध्यात्मिक प्रेम की सार्थक अभिव्यक्ति इन ग़ज़लों की विशेषता है।

-- साप्ताहिक ‘आज’

ye gaZleiN bahuaayaamii haiN. inmeiN kavi kii aatmaabhivyakti hii nahiiN, aatmsamarpaN bhii hai. Laukik aur aadhyaatmik prem kii saarthak abhivyakti in gazloN kii visheShtaa hai.

--Saaptaahik ‘aaj’

मार्मिक संवेदना और सहज अभिव्यंजना के समाहार में इन ग़ज़लों की कला आप अपना आदर्श बन गयी हैं ।

-- आचार्य विश्वनाथ सिंह

maarmik samvednaa aur sahaj abhivyanjanaa ke samaahaar meiN in gazloN kii kalaa aap apnaa aadarsh ban gayii haiN.

Achary Vishvnath Sinh

हिंदी कविता में ग़ज़ल के प्रयोग की चेष्टा अनेक बार की गयी है परन्तु गुलाबजी को इस काव्य-संग्रह में इस दिशा में अभूतपूर्व सफलता मिली है।

-- महेशनारायण शुक्ल

hindii kavitaa meiN gazal ke prayog kii cheShTaaa anek baar kii gayii hai parantu gulaabjii ko is kaavy-sangrah meiN is dishaa meiN abhuutpuurv saphaltaa milii hai.

--Maheshnarayan Shukl

गुलाबजी की इन ग़ज़लों में प्रेम की विभिन्न स्थितियों की पकड़ है। उन्होंने ग़ज़ल को अपने प्रयोग का नया क्षेत्र बनाया है। इस नए क्षेत्र में वे खाली हाथ नहीं आये हैं।

-- श्री त्रिलोचन शास्त्री

Gulaabjii kii in gazloN meiN prem kii vibhinn sthitiyoN kii pakaR hai. unhoNne gazal ko apne prayog kaa nayaa kshetr banaayaa hai. Is naye kshetr meiN ve khaalii haath nahiiN aaye haiN.

Shri Trilochan Shastri

**संकलन**

विभा झालानी

अलका खंडेलवाल

**संपादन**

अशोक खंडेलवाल

**Compilation**

Vibha Jhalani

Alka Khandelwal

**Publishing**

Ashok Khandelwal



महाकवि गुलाब खंडेलवाल तथा 75 वर्षों से अधिक साथ निभानेवाली उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी